**गांवों में खेल सुविधाएं**

257. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
**श्री अश्विनी कुमार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गांवों में खेलों के लिए खेल-मैदानों की व्यवस्था करने तथा आधुनिक उपकरण देने के मामले में राज्य सरकारों की सहायता करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) क्या सरकार ग्रामीण युवकों में कुश्ती की परम्परागत प्रतिभा का पता लगाने की संभाव्यता पर विचार करने का विचार रखती है ?

**युवक कार्यक्रम और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) केन्द्रीय सरकार राज्य खेल परिषदों को अनुदान देने की एक योजना चला रही है जिसके अन्तर्गत राज्य सरकारों, राज्य खेल परिषदों को खेल मैदानों के विकास और गैर-खर्चीले किस्म के खेल उपस्कर की खरीद सहित विभिन्न प्रयोजनार्थ वित्तीय सहायता दी जाती है।

(ख) केन्द्रीय सरकार ग्रामीण युवा वर्ग में से कुश्ती सहित विभिन्न खेल विषयों में प्रतिभाशालियों का पता लगाने के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिता की योजना पहले ही चला रही है। इन प्रतियोगिताओं में से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को लिया जाता है और उन्हें खेल प्रतिभा खोज छात्रवृति योजना के अन्तर्गत खेल छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है ताकि उनकी प्रतिभा को बढ़ाया जा सके।

**देश में स्थानीय खेलों को बढ़ावा**

258. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
**श्री अश्विनी कुमार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राष्ट्रीय खेलों को देश भर में खेला जाता है और आयोजित किया जाता है और सरकार ने उनको बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए हैं ; और

(ख) क्या सरकार स्थानीय खेलों का पता लगाने और उनको बढ़ावा देने तथा प्रचार माध्यमों के जरिये इन खेलों का प्रसार करने का विचार रखती है ?

**युवक कार्यक्रम और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) ऐसे खेलों की सूची, जिनके लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल संघ मान्यता प्राप्त हैं, संलग्न है। सरकार संबंधित राष्ट्रीय खेल संघ को प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए और राष्ट्रीय टीमों को विदेश भेजने के लिए वित्तीय सहायता देकर और ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं महिला समारोहों और खेल प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना, जैसी अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालन द्वारा भी इन खेलों को बढ़ावा देने में सहायता करती है। सरकार अपनी राज्य खेल परिषदों तथा अन्य स्वैच्छिक निकायों को अनुदान देने की योजना के अन्तर्गत सहायक अनुदान स्वीकृत करके अवस्थापनात्मक सुविधाओं के निर्माण में भी सहायता करती है।

(ख) यह संबंधित राज्य सरकारों के लिए है कि स्थानीय खेलों का पता लगाएं और उन्हें बढ़ावा दें।

**विवरण**

**ऐसे खेलों की सूची जिनके लिये सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल संघ मान्यता प्राप्त है :**

1. एयरो खेल
2. तीरंदाजी
3. ब्रिज
4. बास्केट बाल
5. बैडमिन्टन
6. मुक्केबाजी
7. बाडी-बिल्डिंग
8. बिलियर्डस एण्ड स्नूकर

9. बाल बैडमिन्टन
10. क्रिकेट
11. कैरम
12. शतरंज
13. घुड़सवारी
14. साइक्लिंग
15. एथलेटिक्स
16. जिम्नास्टिक्स
17. कबड्डी
18. कुश्ती
19. भारतीय ढंग की कुश्ती
20. जूडो
21. टेनी कोइट
22. रोइंग
23. फुटबाल
24. गोल्फ
25. हैंडबाल
26. खो-खो
27. मोटर खेल
28. पावर लिफ्टिंग
29. पोलो
30. निशानेबाजी
31. स्क्वाश राकेट्स
32. तैराकी
33. टेबल टेनिस
34. लॉन टेनिस
35. वालीबाल
36. भारोत्तोलन
37. नौकायन
38. साइकिल पोलो
39. हाकी
40. साफ्ट बाल

**बिहार में वैद्यनाथ धाम का विकास**

259. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैद्यनाथ धाम अखिल भारतीय महत्व का तीर्थ स्थल होने के बावजूद भी केन्द्रीय सरकार ने सुलतान गंज में अजमैवीनाथ महादेव पर स्नान करने और वहां से गंगाजल ले जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है तथा पूरे मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर कहीं भी ठहरने के स्थानों की व्यवस्था नहीं की है ;

(ख) क्या सरकार ने यात्रियों को सुविधाएं प्रदान कराने के लिए कोई योजना बनाई है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) :** (क) केन्द्रीय पर्यटन विभाग को, सुल्तानगंज वैद्यनाथ धाम मार्ग में सुविधाओं के सृजन हेतु सहायता करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ ।

तथापि, बिहार सरकार ने सुल्तानगंज में गंगा पर स्नान के लिए पक्का घाट तथा वैद्यनाथ धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर 11 धर्मशालाओं का निर्माण किया है । राज्य सरकार सातवीं योजना अवधि के दौरान सुल्तानगंज में एक धर्मशाला के निर्माण का भी प्रस्ताव कर रही है । तीर्थ यात्रा की अवधि के दौरान इस मार्ग पर कुछ अन्य भवनों का भी तीर्थ-यात्रियों द्वारा धमशालाओं के रूप में उपयोग किया जाता है ।

(ख) और (ग) बिहार सरकार ने धर्मशालाओं के निर्माण के लिए भारतीय यात्री आवास विकास समिति को देवगढ़ में एक भूखंड अर्पित करने का प्रस्ताव किया है । समिति प्रस्ताव पर कार्यवाई कर रही है ।

**प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाना**

260. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या प्रधान मंत्री 28 मार्च, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1237